सं 26020/3/2010 सा प्रशा
भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
सामान्य प्रशासन अनुभाग

कमरा सं 74, उघोग भवन,
नई दिल्ली 110107

दिनांक 15 अक्टूबर, 2010

<u>निविदा सूचना</u>

विषय :- वर्ष 2010-2011 के लिए डी एल वाई टैक्सियों को किराए पर लेने हेतु निविदा सूचना ।

इस्पात मंत्रालय वर्ष 2010-2011 के लिए मासिक भुगतान आधार पर, जब कभी आवश्यक हो, डी एल वाई वातनुकूलित/गैर वातानुकूलित कारों को किराए पर लेने का इच्छुक है । उघोग भवन के 4-5 कि.मी. के दायरे में आने वाले इच्छुक टैक्सी प्रचालक अवर सचिव (सा प्रशा), इस्पात मंत्रालय, उघोग भवन, नई दिल्ली 110107 को सम्बोधित लिफाफा जिस पर **"इस्पात मंत्रालय के लिए कारों को किराए पर लेने हेतु निविदा"** लिखा हो, 01/11/2010 **को अपराहन 03.00 बजे** तक संलग्न अनुलग्नक में सील बंद निविदा प्रेषित करें । निविदा वाले लिफाफा उघोग भवन, नई दिल्ली के स्वागत अधिकारी के नजदीक रखे निविदा बॉक्स में डाले जाने चाहिए । पत्राचार के अन्य माध्यम से प्राप्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा । निविदा के साथ वेतन **एवं लेखा अधिकारी, इस्पात मंत्रालय, नई दिल्ली** के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के **डिमांड ड्राफट के रूप में 5,000/- रुपए (पांच हजार रुपए मात्र) की बयाना राशि** संलग्न होनी चाहिए । मंत्रालय के पास निविदा को बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है ।

2. मंत्रालय को उपलब्ध कराई जाने वाली कारें अच्छी हालत में होनी चाहिए और 2008 मॉडल के पहले की नहीं होनी चाहिए तथा किराए पर लिए जाने की तारीख को 35,000 कि मी से अधिक नहीं चली होनी चाहिए तथा उसमें समुचित गद्दियां और सहायक साजो-समान, स्टीरियों आदि लगे होने चाहिए । चालक के पास वैध ड्राईविंग लाइसेंस तथा अन्य संबंधित दस्तावेज होने चाहिए ।

3. यदि कोई फर्म किसी मंत्रालय/विभागों को पहले से ही वाहन उपलब्ध करा रही है, तो तत्संबंधी ब्यौरा भी निविदा के साथ प्रस्तुत किए जाने चाहिए ।

4. निविदा को भेजते समय निम्नलिखित निबंधनों एवं शर्तो को घ्यान में रखा जाए :-

i) किराए पर ली जाने वाली टैक्सी के मीटर तथा समय की शुरुआत की गणना तथा टैक्सी को छोडते समय किलोमीटर तथा समय की समाप्ति की गणना उघोग भवन, नई दिल्ली से की जाएगी ।

ii) उद्धृत दरें निविदा अवधि के लिए वैध होंगी जिसे आगे और अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है, यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसा करने का निर्णय लिया जाता हैं ।

iii) ये दरें अनुलग्नक I पर विहित प्रारुप में उद्धृत होनी चाहिए । यदि किसी दिन गाडी आधे दिन 50 किलोमीटर / 5 घंटे के लिए ली जाती है तो उसका भुगतान समानुपातिक आधार पर किया जाएगा ।

iv) इस मंत्रालय में संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित डयूटी स्लिपों द्वारा विधिवत समर्थित बिल के प्रस्तुत करने पर ही भुगतान किया जाएगा ।

v) चालकों को दिल्ली/नौएडा/गाजियाबाद/गुडगांव के मार्गों से पूरी तरह से परिचित होना चाहिए तथा अच्छी वर्दी पहननी चाहिए और उनका व्यवहार अच्छा होना चाहिए ।

vi) तैनात किए जाने वाल चालको का चरित्र समुचित रुप से सत्यापित होना चाहिए तथा उनके ब्यौरे इस मंत्रालय को उपलब्ध कराए जाने होंगे । चालक के बदले जाने के मामले में पूर्वानुमति लेना अपेक्षित होगा ।

vii) ब्रेकडाउन की स्थिति में फर्म को सूचित किए जाने पर आधे घंटे के भीतर दूसरी कार उपलब्ध करानी होगी ।

viii) वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मासिक आधार पर वाहन की जरुरत होगी । किसी विशिष्ट वाहन की मासिक विशेष दर अथवा दैनिक दर पर कोई रियायत दी जाए, तो इसका उल्लेख स्पष्ट रुप से किया जाए ।

ix) फर्म का लैंडलाइन/मोबाइल नंबर मंत्रालय को उपलब्ध कराएं ताकि उससे अथवा उसके प्रतिनिधि से किसी भी समय (24 घंटे) संपर्क किया जा सके । चालक के पास भी मोबाइल फोन होना अनिवार्य हैं ।

x) वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा किसी अन्य पक्ष को हुई क्षति की स्थिति में सारा दायित्व फर्म का होगा !

xi) आपूर्ति किए जाने वाले वाहन फर्म/स्वामी/साझेदार के नाम पंजीकृत होने चाहिए ।

xii) सफल बोली दाता से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह पांच दिनों के भीतर मंत्रालय को दी जाने वाली प्रस्तावित कारों से संबंधित पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा दस्तावेज, प्रदूषण, परमिट आदि प्रस्तुत करें ।

xiii) सफल बोली दाता को 5,000/- रुपए (पांच हजार रुए मात्र) बैंक ड्राफट वेतन एवं लेखा अधिकारी, इस्पात मंत्रालय के पक्ष में नई दिल्ली में भुगतेय जमा कराना होगा । संविदा के सफलता पूर्वक पूरा होने पर जमानत राशि वापसी योग्य है ! फर्म द्वारा चूक किए जाने अथवा असंतोषप्रद सेवा देने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी ।

xiv) किसी भी समय बिना कोई कारण बताए अनुबंध को रद्द करने/वापस लेने का अधिकार मंत्रालय के पास सुरक्षित रहेगा ।

xv) निविदा को **अनुभाग अधिकारी (सा प्रशा), इस्पात मंत्रालय, कमरा सं 74,** उधोग भवन, **नई दिल्ली 110107 में 01/[illegible]/2010को अपराहन 03.30** बजे फर्म के मालिक/उनके प्रतिनिधियों में से जो भी उपस्थित होना चाहे के समक्ष खोला जाएगा ।

(अतुल कुमार सिहं )
अनुभाग अधिकारी
दूरभाष 2306 2537

अनुलग्नक

A) Daily Charges (Minimum) in Rs.

| Sl.No. | Period | Hrs. | Kms. | Tata Indica/ Wagon R | Tata Indica/ Wagon R AC | Tata Indigo AC/ Maruti Esteem AC |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Full Day | 10 | 100 | | | |
| 2. | Rate of extra per Km | | | | | |
| 3. | Rate of extra per hrs. | | | | | |

B) Monthly Charges (Minimum) in Rs.

| Sl.No. | Period | Hrs. | Kms. | Tata Indica/ Wagon R | Tata Indica/ Wagon R AC | Tata Indigo AC/ Maruti Esteem AC |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Full Day | 300 | 3000 | | | |
| 2 | Rate of extra per Km | | | | | |
| 3. | Rate of extra per hrs. | | | | | |

C) Yearly Charges (Minimum) in Rs.

| Sl.No. | Period | Hrs. | Kms. | Tata Indica/ Wagon R | Tata Indica/ Wagon R AC | Tata Indigo AC/ Maruti Esteem AC |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Full Day | 3600 | 3600 | | | |
| 2 | Rate of extra per Km | | | | | |
| 3. | Rate of extra per hrs. | | | | | |

| क्र. संख्या | एजेंसी का नाम व पता |
|---|---|
| 1 | मै. भवानी टूर्स एवं ट्रेवलर्स,<br>64-A, पॉकेट I,मयूर विहार फेस I<br>दिल्ली 91 |
| 2 | मै.बेरी टूर्स एण्ड ट्रेवलर्स,<br>1/7383, शिवाजी पार्क,<br>दिल्ली |
| 3 | मै. शिखा ट्रैवलर्स,<br>46 वसंत प्लेस डी.डी.ए. मार्केट, सेकटर VI,<br>नई दिल्ली 22 |
| 4 | मै.सुनीता ट्रेवलर्स<br>48 वसंत प्लेस डी.डी.ए. मार्केट, सेकटर VI,<br>नई दिल्ली 22 |
| 5 | मै.रॉयल टूरिस्ट ट्रेवलर्स,<br>वेस्ट ब्लाक आर के पुरम-1,<br>हयात रेजेंसी के पास,<br>नई दिल्ली |
| 6 | मै.अशोक टूर्स एण्ड ट्रेवलर्स,<br>आई.टी.डी.सी.,<br>जनपथ होटल, नई दिल्ली |
| 7 | मै.शैराटोन टूर्स एण्ड ट्रेवलर्स,<br>यू.बी. 7, अंसल भवन,<br>कस्तूरबा गांधी मार्ग,<br>नई दिल्ली 110001 |
| 8 | मै. जय ज्वाला टूरिस्ट सर्विस<br>सिरी फोर्ट रोड, आनंद लोक,<br>नई दिल्ली 110049 |
| 9 | मै.शर्मा टूरिस्ट टैक्सी सर्विस,<br>जोर बाग रोड (सी.पी.डब्लू.डी आफिस के पास),<br>लोधी कालोनी (17 ब्लाक के सामने )<br>नई दिल्ली 110003 |
| 10 | मै.ए.एस.ट्रैवलर्स,<br>टी 11 चर्च रोड भोगल जंगपुरा<br>दिल्ली |
| 11 | मै. लक्षमण ट्रैवलर्स<br>दुकान नं.12, सेक्टर II<br>आर.के.पुरम मार्केट,नई दिल्ली 22 |
| 12 | मै. मुखिजा ट्रैवलर्स,<br>811 ए., पॉकेट II, पश्चिम पुरी,<br>दिल्ली 110063 |
| 13 | मै. सिदधू टूरिस्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्टर्ड),<br>दुकान नं.4, सब्जी मार्केट<br>नेताजी नगर, नई दिल्ली 110023 |

| | |
|---|---|
| 14 | मै. बारबी टैक्सी सर्विस,<br>नेताजी नगर (सीमेंट गोदाम के पास)<br>नई दिल्ली 23 |
| 15 | मै.सन सन वॉल ट्रैवलर्स (रजिस्टर्ड),<br>124 ए/1 कटवारिया सराय मेन रोड<br>(आई.एस.आई. के सामने),<br>नई दिल्ली 110016 |
| 16 | मै.डी.पी. ट्रैवलर्स,<br>124 ए/6 कटवारिया सराय मेन रोड,<br>नई दिल्ली 110016 |
| 17 | मै. राहुल टूरिस्ट,<br>आर.जेड.ए. 59, महीपालपुर एक्टैंसन<br>नई दिल्ली 37 |
| 18 | मै.ग्रीन कैब कम्पनी रजिस्टर्ड,<br>दुकान नं.1, पालिका कुंज<br>अलीगंज,नई दिल्ली 11003 |
| 19 | मै.स्टार वॉइट टूर्स,<br>40 एण्ड 42 के सामने,<br>अर्मिता शेरगिल मार्ग,<br>लोधी गार्डन के पास,<br>नई दिल्ली 110003 |
| 20 | मै.सिदधू टूरिस्ट टैक्सी सर्विस,<br>दुकान नं 218,<br>डिफेंस कालोनी फलाई ओवर मार्केट,<br>नई दिल्ली 110024 |
| 21 | मै. सूरी ट्रैवलर्स,<br>एच.91-92 बेसमैंट,<br>लाजपत नगर 1,<br>नई दिल्ली 24 |
| 22 | मै. एम. एस. टैवलर्स एण्ड टूर्स,<br>दुकान नं.7 डी.डी.ए. मार्केट,<br>जनकपुरा एक्टेंसन<br>नई दिल्ली |
| 23. | मैसर्स शिव शक्ति ट्रवैल्ज<br>28 लक्ष्मी बाई नगर मार्किट<br>नई दिल्ली 110003 |
| 24 | मैसर्स पूजा ट्रवैल्ज (रजिस्टर्ड),<br>3, आराम बाग लेन, पंचकुइयां रोड,<br>नई दिल्ली 110055 |